1983 में एक प्रस्ताव भेजा था। चूंकि यह प्रस्ताव अपेक्षित मानदंडों की पूर्ति नहीं करता था, पर्यटन विभाग को स्वीकार्य नही था।

**लाहौल स्पिति पर चीन के नापाक इरादों का समाचार**

2677. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार का ध्यान "पांचजन्य" साप्ताहिक पत्र में "लाहौल स्पिति पर चीन की नजर" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है, यदि हां, तो क्या इस मामले की जांच के आदेश दिय गये हैं और यदि हां, तो उक्त क्षेत्र की रक्षा करने और तिब्बत और चीन के घुसपैठियों को निर्वासित करने तथा तस्करों की गतिविधियों को रोकने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) :** जी हां, श्रीमान। सरकार को इस समस्या की जानकारी है। इस मामले में सभी संबंधित पक्षों को उपयुक्त निदेश दे दिय गये हैं।

**Probe against Minister's P.As.**

2678. SHRI ADINARAYANA REDDY: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn, towards the news item which appeared in the 'Hindustan Times' of 3rd July, 1985 to the effect that probe against P.As. of four Ministers is to be made; and

(b) if so, what are the details in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRIMATI RAM DULARI SINHA): (a) Yes, Sir.

(b) No such probe is in hand.



**ग्वालियर स्थित मान-मंदिर का अनुरक्षण**

2679. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि ग्वालियर स्थित मान-मंदिर के बेस्टन क्रमांक 3 में दरारें पड़ गई हैं और उसके बहुत से पत्थर चूर-चूर हो रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसका अनुरक्षण करने के लिये सरकार का क्या कदम उठाने का विचार है, और कब तक ?

**कार्मिक और प्रशिक्षण, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय और संस्कृति विभाग में राज्य मंत्री (श्री के० पी० सिंह देव):** (क) जी, हां।

(ख) बुर्ज को, सहारा देने की दृष्टि से चट्टान के चबूतरे को बढ़ाकर उसे बल प्रदान किया जायगा और दरार की पिलाई की जायेगी। यह कार्य वर्षा काल के बाद शुरू किया जायगा।

**राजस्थान में विमान सेवाएं**

2680. **श्री भंवरलाल पंवार :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान में विद्यमान विमान-सेवाओं का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) राजस्थान में किन-किन स्थानों पर हवाई पट्टी की सुविधायें उपलब्ध हैं और उनका इस समय क्या उपयोग किया जा रहा है ;

(ग) क्या सोजत में कोई हवाई पट्टी बनी हुई है ?

(घ) क्या उसका उपयोग किया जा रहा है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार भविष्य में उसका उपयोग करने का विचार रखती है?

**पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अशोक गहलोत)** : (क) जी, हां। वायुदूत की जैसलमेर को विमान सेवा द्वारा जोड़ने की योजना है।

(ख) नागर विमानन विभाग के पास उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार राजस्थान में लगभग 30 हवाई पट्टियां/हवाई अड्डे हैं। इनमें से 7 अर्थात, बानर, बीकानेर, जैसलमेर, नलवास; जोधपुर सूरतगढ़ और उतरताई रक्षा प्राधिकरणों के हैं। जयपुर, कोटा और उदयपुर स्थित हावाई अड्डे नागर विमानन विभाग के है तथा ये सिविल हवाई परिवहन के लिय प्रयोग किये जा रहे हैं। वाकी साफ मौसम वाली बीस हवाई पट्टियां राजस्थान सरकार की हैं तथा ये अलवर, आवु रोड़, बंबई, वांसवाड़ा, भरतपुर, भावी, बूंदी, धोलपुर, फालना, ईसान्दा, जवई, झालवाड, झुन-झुन, मालपुरा, मथारनिया, शियो, सावाईमाधोपुर, सिरोही, शाहपुर और तिलवाड़ा में स्थित है।

(ग) नागर विमानन विभाग के पास उपलब्ध अभिलेख के अनुसार सवजात में कोई हवाई-पट्टी नहीं है।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं है।

**इलाहबाद में गंगा और यमुना को प्रदूषण से मुक्त करने संबंधी योजना**

2681. **श्री सत्य प्रकाश मालवीयः** क्या **प्रधान मंत्री** यह वताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गंगा यमुना नदियों और इलाहाबाद में उनके संगम को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिये कोई योजना बनाई है; और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना के पहले चरण में इलाहाबाद को कितना रुपया मिलना था और अब तक कितना रुपया मिल चुका है; और

(ग) वर्ष 1985-86 के लिये प्रदूषण-नियंत्रण हतु केन्द्रीय सरकार द्वारा इलाहाबाद को कितना रुपया मिलना था और अब तक कितना रुपया मिल चुका है?

**पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री वीर सेन)** : (क) गंगा कार्रवाई योजना के प्रथम चरण में, इलाहाबाद को प्रथम श्रेणी शहरों में सम्मिलित किया गया है। इलाहाबाद में गोघाट में पम्पिंग स्टेशन के नवीनीकरण तथा इसकी क्षमता को बढाने के लिये उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा लगभग 95 लाख रुपये की अनुमानित लागत से तैयार की योजना की जात्र की जा रही है।

(ख) और (ग) इलाहाबाद के लिये सुलभ की जाने वाली धनराशि गंगा कार्रवाई योजना के संदर्भ में तैयार की गई तथा अनुमोदित विशिष्ट योजनाओं पर निर्भर करेगी।

**कोयले से विद्युत का सीधे प्राप्त किया जाना**

2682. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 26 मई, 1985 के 'हिन्दुस्तान टाइम्स' में "टुवर्डस टेपिंग पावर डाइरेक्टली फ्राम कोल" शीर्षक के अंतर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है, और

(ख) यदि हां, तो कुछ ही महीनों में 19 करोड़ रुपयों की लागत से दक्षिण भारत में स्थापित किये जाने वाली परियोजना के कार्य में अब तक कितनी प्रगति हुई है?

**विज्ञान और प्रोद्योगिकी मंत्रालय और महासागर विकास, परमाणू, ऊर्जा, अंतरिक्ष और इलैक्ट्रानिकी विभागों में राज्य मंत्री (श्री शिवराज पाटिल)** : (क) जी हां,।